गया में भारी मात्रा में नकली दवाइयां जब्त, दवा कारोबारियों में मचा हड़कंप

GAYA: बीमार पड़ने के बाद ठीक होने के लिए लोग दवा खाते है। यह विश्वास रहता है कि दवा खाने से उनकी तबीयत ठीक हो जाएगी। इसलिए लोग समय पर दवा का सेवन करते हैं। लेकिन जो दवा हम खाते हैं वो नकली है कि असली इस संबंध में कभी जानने की कोशिश नहीं करते है। कोशिश भी करेंगे तो इतना आसान नहीं है कि दवा के बारे में सही आकलन कर पाएं। नकली दवा पर नकेल कसने का काम पटना की ब्रांड प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी करती है। नकली दवा के कारोबार को रोकने के लिए ब्रांड प्रोटेक्शन कंपनी आए दिन कार्रवाई करती है।

इस कंपनी ने आज गया जिले के फतेह बहादुर शिवाला रोड स्थित शहर की बड़ी दवा दुकानों में आज छापेमारी की। इसी क्रम में सोमवार को गया में मयंक फार्मा, न्यू सुरभि एजेंसी फार्मा, एमपुल फार्मा हाउस में छापेमारी की गयी जहां से नामी गिरामी दवा कंपनी एलकेएम, शिप्रा, हिमालय ब्रांड की दवा, पैन-40 टेबलेट, कैमोरल फोर्ट, डिटॉल एंटीसेप्टिक, लीव-52, शैम्पू, टेल्मा- 40 a.m व अन्य कंपनियों के नकली दवाइयां भारी मात्रा में बरामद की गयी।

Source: https://firstbihar.com/news/gaya-me-bhari-matra-me-nakli-davaiya-jabt-592522